पंजाब केसरी 10/12/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते आयोजक। (देवदत्त)

फिट इंडिया वीक के छठे संस्करण में जी.एम.एन. कॉलेज ने आयोजित की स्लोगन लेखन प्रतियोगिता

अम्बाला, 9 दिसम्बर (बलराम): फिट इंडिया वींक के छठे संस्करण के दौरान अम्बाला छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के भौतिकी विभाग ने सोमवार को स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम की संयोजिका भौतिक विभाग की सहायक प्रोफैसर डा. नियति ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और यही कारण है कि छात्रों को योग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि फिट रहना केवल शरीर को तंदरुस्त रखने के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक है।

योग और व्यायाम को अपनाकर हम बेहतर जीवनशैली का निर्माण कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

डा. नियति ने कहा कि फिट इंडिया वीक जैसे अभियान छात्रों को न केवल फिट रहने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने के लिए भी प्रोत्साहित करते हैं।

इस प्रतियोगिता में लगभग 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं निर्णायक मंडल की भूमिका डा. रितु गुप्ता एवं डा. अमिता ने निभाई।